२-मैं तितली हूँ	
कठिन शब्द	
१.	रंग बिरंगी
२.	बगिया
३.	पौधे
४.	पत्ते
५.	मुश्किल
६.	लिजलिजी
७.	खोल
८.	अँगड़ाई
९.	केंचुआ
१०.	इल्ली
११.	सूँड़

२-मैं तितली हूँ

शब्दार्थ

१. लिजलिजी - पिलपिली

२. इल्ली- रेंगकर चलनेवाला एक छोटा सा कीड़ा

३. खोल - आवरण , कवच

४. अँगड़ाई - शरीर को तानना

५. नली - पाइप

६. मुश्किल - कठिन

क्रियाकलाप

कॉपी में तितली का चित्र बनाकर रंग भरिए ।

२. मैं तितली हूँ

प्रश्न उत्तर

प्रश्न १- तितली का जन्म कहाँ हुआ था ?
उत्तर - तितली का जन्म एक पौधे के पत्ते पर हुआ था ।

प्रश्न २- इल्ली किसे कहते हैं ?
उत्तर- अंडे से बाहर निकले लिजलिजे कीड़े को इल्ली कहते हैं ।

प्रश्न ३- लाल रंग का फूल कौन सा हो सकता है?
उत्तर - लाल रंग का फूल गुड़हल या गुलाब का हो सकता है ।

प्रश्न ४- बहुत छोटे बच्चे दूध पीते हैं या रोटी खाते हैं?
उत्तर - बहुत छोटे बच्चे दूध पीते हैं ।

प्रश्न ५- तितली कहाँ रहती है ?
उत्तर - तितली फूलों की बगिया में रहती है ।

प्रश्न ६- अंडे से बाहर निकलकर तितली किसके जैसी दिखाई देती थी ?

उत्तर - अंडे से बाहर निकलकर तितली केंचुए के जैसी दिखाई देती थी ।

प्रश्न ७- इल्ली क्या खाती है ?

उत्तर - इल्ली हरे-हरे पत्ते खाती है ।

प्रश्न ८- जब इल्ली सोकर उठी तो उसकी पीठ पर भारी-सा क्या था?

उत्तर - जब इल्ली सोकर उठी तो उसकी पीठ पर चमकीले, रंग-बिरंगे पंखों का जोड़ा था ।

प्रश्न ९- तितली क्या पीती है ?

उत्तर - तितली फूलों का रस पीती है ।